web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 03 नवंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 38

# एआईसीटीई ने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र के लिए लांच किया प्लेसमेंट पोर्टल : मिलेंगे नौकरी के हजारों विकल्प सुविधा

- नियोक्ताओं और नौकरी की तलाश करने वाले छात्रों के बीच सेतु का काम करेगा यह पोर्टल
- 2000 से अधिक कंपनियों ने पोर्टल पर किया पंजीकरण, यूजर फ्रेंडली बनाया गया है पोर्टल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के चेयरमैन प्रो. टी जी सीताराम ने बृहस्पतिवार को एआईसीटीई प्लेसमेंट पोर्टल लांच किया। एआईसीटीई मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पोर्टल लांच करने के बाद प्रो. टी जी सीताराम ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में रहने वाले युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जाएगा। अब ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र के इंजीनियरिंग समेत विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं को नौकरी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यह पोर्टल उन्हें हजारों मल्टीनेशनल कंपनियों से सीधे कनेक्ट करेगा। एआईसीटीई ने यह पोर्टल प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार के समान अवसर देकर समाज की मुख्य धारा से जोडऩे की पहल के तहत लांच किया है। इस दौरान एआईसीटीई मेम्बर सेक्रेटरी प्रो. राजीव कुमार और कोआर्डिनेटिंग ऑफिसर डॉ. बुद्ध चंद्रशेखर भी मौजूद रहे। लांच कार्यक्रम में 600 से अधिक एआईसीटीई संस्थान, इंडस्ट्री पार्टनर और सेल्सफोर्स, सर्विस नाऊ, फाइटेक, मेडिनी और आईडीएस आदि कंपनियों के प्रतिनिधि ऑनलाइन जुड़े और प्रसन्नता व्यक्त की।

प्रो. टी जी सीताराम ने कहा कि इस पोर्टल पर पंजीकरण करने के बाद छात्रों को अपने विषय विशेषज्ञता से संबंधित नौकरी के हजारों विकल्प मिलेंगे। उन्होंने कहा कि ज़्यादातर नियोक्ता अपने लिए मैनपावर की तलाश में ग्रामीण इलाकों में नहीं जाते हैं। जबकि ग्रामीण इलाकों के संस्थानों बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली छात्र छात्राएं हैं। इसलिए यह पोर्टल शुरू किया गया है जो छात्रों और नियोक्ताओं के बीच सेतु का काम करेगा। छात्रों कि सहायता के लिए एआईसीटीई की हेल्पलाइन भी उपलब्ध रहेगी। विभिन्न क्षेत्र में काम कर रहीं 2000 से अधिक कंपनियों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर लिया है। यह पोर्टल नियोक्ताओं को अपने लिए देश भर के उत्कृष्ठ इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेजों से बेहतरीन मैनपावर तलाश करने के लिए सबसे अच्छा और सुलभ प्लेटफार्म साबित है। जल्द ही इस पोर्टल को एआईसीटीई इंटर्नशिप पोर्टल से भी जोड़ा जाएगा। यह पोर्टल यूजर फ्रेंडली बनाया गया है ताकि वे लोग भी आसानी से एक्सेस कर पाएं जिन्हें हाइ स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी और लेटेस्ट टेक्नोलोजी उपलब्ध नहीं है। इसमें नेटवर्किंग टूल्स, करियर काउंसिलिंग, इंटरव्यू टिप्स आदि फीचर्स भी रखे गए हैं जो छात्रों को जल्द नौकरी दिलाने में सहायक होंगे। एआईसीटीई के कोआर्डिनेटिंग ऑफिसर डॉ. बुद्ध चंद्रशेखर ने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी इलाकों के छात्रों के लिए हम क्या कर सकते हैं, इस सवाल के साथ पोर्टल शुरू करने का विचार आया था। आज यह प्लेटफार्म 600000 गांवों और आदिवासी इलाकों तक पहुँच चुका है। यह कई भाषाओं में उपलब्ध है।

### 60 प्रतिशत छात्र ग्रामीण इलाकों में पढ़ते हैं :

हाल हीं में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए गए एक सर्वे के अनुसार भारत में कुल 42343 कॉलेज हैं जिनमें से करीब 26000 (60.56 प्रतिशत) कॉलेज ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। इस तरह से में दो तिहाई छात्र ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में पढ़ते हैं। इसलिए इन इलाकों के प्रतिभाशाली छात्रों को बड़ी कंपनियों में रोजगार दिलाने के लिए एआईसीटीई ने यह कदम उठाया है। परिषद ने इस पोर्टल के माध्यम से रोजगार की उपलब्धता और पहुंच के मामले शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बीच के इस अंतर को फटने का प्रयास किया है।

## कर्नाटक जिले में मिला जीका वायरस, सरकार हाई अलर्ट पर

**चिक्कबल्लापुर (आरएनएस)।** बेंगलुरु शहरी जिले के करीब स्थित चिक्काबल्लापुर जिले में मच्छरों में घातक जीका वायरस का पता चलने के बाद कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य के 68 अलग-अलग स्थानों पर मच्छरों के शरीर में जीका वायरस की मौजूदगी का परीक्षण किया गया। इसी तरह, चिक्काबल्लापुरा जिले के छह स्थानों से नमूने लिए गए।

जीका वायरस सिद्लाघट्टा तालुक के तालाकायालाबेट्टा गांव में मच्छरों में पाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी तुरंत कार्रवाई में जुट गए और वायरस के प्रसार को रोकने के लिए निवारक उपाय शुरू किए। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा पहले ही विशेष बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं और अधिकारियों को प्रारंभिक चरण में संकट को कम करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने 30 गर्भवती महिलाओं और बुखार के लक्षणों वाले सात व्यक्तियों के रक्त के नमूने एकत्र किए हैं और उन्हें परीक्षण के लिए बेंगलुरु भेजा है। नमूने तालाकायला बेट्टा गांव के पांच किमी के दायरे में स्थित गांवों से एकत्र किए गए थे।




अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से वेंकटपुरा, डिब्बुरहल्ली, बच्चनहल्ली, वड्डहल्ली और अन्य का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। चिक्काबल्लापुरा जिला स्वास्थ्य अधिकारी महेश कुमार ने चिक्काबल्लापुरा जिले में जीका वायरस पाए जाने की पुष्टि की है। स्वास्थ्य अधिकारी क्षेत्र के लगभग 5,000 लोगों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

जीका वायरस एक मच्छर जनित वायरल संक्रमण है। इसके लक्षण हैं- बुखार, दाने, सिरदर्द, जोड़ों का दर्द, लाल आंखें और मांसपेशियों में दर्द। इस घटनाक्रम ने चिंता बढ़ा दी है क्योंकि चिक्काबल्लापुरा जिला राजधानी बेंगलुरु के करीब स्थित है।

## पश्चिमी-मध्य रेलवे की पहली महिला महाप्रबंधक ने संभाला कार्यभार

**कोटा (आरएनएस)।** पश्चिमी-मध्य रेलवे की पहली महिला महाप्रबंधक के रूप में शोभना बंदोपाध्याय ने अपना कार्यभार संभाला। इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर्स वर्ष -1987 बैच की वरिष्ठ रेल अधिकारी श्रीमती बंदोपाध्याय पश्चिम-मध्य रेलवे में महाप्रबन्धक जैसे महत्वपूर्ण पद का कार्यभार ग्रहण करने वाली पहली महिला रेल अधिकारी हैं। इससे पहले वह रेलवे बोर्ड में प्रिन्सिपल एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर (विजिलेंस) के पद पर कार्यरत थीं।कोटा मंडल के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्रीमती बंदोपाध्याय ने मध्य रेलवे, दक्षिण-पूर्व रेलवे और उत्तर रेलवे के विभिन्न मण्डलों के साथ उत्तर रेलवे के मुख्यालय एवं रेलवे बोर्ड में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। वह पश्चिम-मध्य रेलवे भी नया नहीं है, वे पहले भी पश्चिम-मध्य रेलवे में संकेत एवं दूरसंचार विभाग में विभिन्न पदों पर कार्यरत रही हैं।



श्रीमती बंदोपाध्याय भारतीय रेलवे की ऐसी विशिष्ट महिला इंजीनियर्स में से एक हैं जिन्हें रेलवे परिचालन प्रबन्धन, प्लानिंग, डिजाइन और नियंत्रण, रख-रखाव, निर्माण और विभिन्न परियोजना प्रबंधन में समृद्ध अनुभव प्राप्त है। उन्होंने रेलवे के कामकाजी बुनियादी ढांचे के विकास, आईटी, सिग्नल एवं टेलीकॉम सम्पत्तियों के आधुनिकीकरण, व्यवसाय विकास और ग्राहक सेवा, संरक्षा आदि विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दिया है। रेल सेवा के दौरान उनके कार्य और नेतृत्व को विभिन्न मंचों पर सराहा गया और सम्मानित भी किया गया है। नागपुर में मण्डल रेल प्रबन्धक के तौर पर कार्यरत रहते हुए उन्हें सम्पूर्ण भारतीय रेलवे में बेस्ट लीडरशीप एंड परफार्मेन्स एक्सीलेंस अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है।

## मणिपुर : इंफाल में भीड़ ने पुलिस से हथियार छीनने की कोशिश की, पुलिस ने हवा में गोलियां चलाईं, कर्फ्यू में ढील रद्द

**इंफाल (आरएनएस)।** मणिपुर के टेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती मोरेह में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एक उपमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) की हत्या के खिलाफ आंदोलन कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने बीती शाम को मणिपुर की राजधानी में हवा में गोलीबारी की।



एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इंफाल से 110 किमी दक्षिण में मोरेह में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एसडीपीओ चिंगथम आनंद कुमार की गोली मारकर हत्या करने के बाद से इंफाल और अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं आंदोलन कर रहे हैं। भीड़ सुरक्षा बलों के साथ भिड़ गई और कथित तौर पर हथियारों और गोला-बारूद की मांग करते हुए इंफाल पश्चिम जिले में राजभवन और मुख्यमंत्री कार्यालय के करीब मणिपुर राइफल्स परिसर को घेरने का प्रयास किया। अधिकारी ने कहा, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों ने पहले लाठीचार्ज किया और फिर हवा में गोलियां चलाईं। झड़प में कुछ नागरिकों को मामूली चोटें आईं।

इंफाल पश्चिम जिला प्रशासन ने राजधानी में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए कर्फ्यू में ढील की अवधि रद्द कर दी है। जिला प्रशासन ने पिछले दिनों की तरह सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी है। मंगलवार को एक अलग घटना में टेंग्नौपाल जिले के सिनम में राज्य बल के एक काफिले पर संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गए। एसडीपीओ की हत्या के बाद तलाशी अभियान चलाने में सहायता के लिए काफिले को सुदृढीकरण के रूप में मोरेह भेजा गया था।

उग्रवादियों की गिरफ्तारी और सजा की मांग करते हुए भीड़ ने सरकार से मोरेह में और अधिक राज्य बलों को तैनात करने और म्यांमार की सीमा से लगे क्षेत्र में सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए भी कहा। विरोध रैली के दौरान, आंदोलनकारियों ने कई तख्तियां पकड़ रखी थीं और नारे लगाते हुए अधिकारियों से उग्रवादियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने और एकीकृत कमान के नेताओं को बदलने की मांग की।

## यूक्रेन में बारूदी सुरंग विस्फोटों में मारे गए 264 नागरिक

**कीव ।** यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के एक विशेष गठन ने कहा है कि रूस के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन में बारूदी सुरंग विस्फोटों में अब तक 264 नागरिक मारे गए हैं। राज्य विशेष परिवहन सेवा ने बुधवार को फेसबुक पर कहा कि फरवरी 2022 से यूक्रेन में कम से कम 561 बारूदी सुरंग घटनाएं हुई हैं, इसमें 571 लोग घायल हुए हैं। इसमें कहा गया है कि ज्यादातर घटनाएं खेतों, सडक़ों, यार्डों और जंगलों में हुईं। यूक्रेनी सरकार के अनुसार, देश का लगभग 174,000 वर्ग किमी क्षेत्र संभावित रूप से बारूदी सुरंगों और अन्य गैर-विस्फोटित आयुधों से भरा हुआ है।

## गाजा में भारतीय मूल के इजरायली सैनिक की मौत, हमास के खिलाफ लड़ रहा था युद्ध

**तेल अवीव ।** इजरायल और हमास में जारी जंग के बीच गाजा में भारतीय मूल के एक 20 वर्षीय इजरायली सैनिक की मरने का खबर सामने आ रही है। भारतीय समुदाय के सदस्यों और डिमोना शहर के मेयर ने यह जानकारी दी। 20 वर्षीय की सैनिक की पहचान स्टाफ सर्जेंट हलेल सोलोमन के रूप में हुई है जो दक्षिण इजराइल के डिमोना शहर से ताल्लुक रखते थे। मेयर बेनी बिटन ने फेसबुक पर लिखा, 'हम अत्यंत दु:ख के साथ बता रहे हैं कि गाजा में जारी युद्ध में डिमोना के निवासी हलेल सोलोमन मौत हो गई है।'

बिट्न ने लिखा, हम माता-पिता रोनित और मोर्दचाई, और बहनों: यास्मीन, हिला, वेरेड और शेक्ड के दु:ख में शामिल हैं। हेलेल सेवा की इच्छा से गिवती (ब्रिगेड) में भर्ती हुए थे। हलेल एक समर्पित शख्स थे। पूरा डिमोना शहर उनके निधन पर शोक में डूबा है।' डिमोना इजरायल के दक्षिण में एक शहर है जो इजरायल के परमाणु रिएक्टर के रूप में पहचाना जाता है, लेकिन कुछ लोग इसे मिनी इंडिया भी कहते हैं, क्योंकि इस टाउनशिप में भारत से आए यहूदियों की बड़ी संख्या है।

भारतीय समुदाय के सदस्यों ने बताया कि वह 'सुखद व्यवहार वाला एक युवा व्यक्ति था और उसका भविष्य बहुत उज्ज्वल था। उन्होंने सोलोमन के निधन और इजरायल के अस्तित्व के लिए युद्ध लड़ रहे दूसरे सैनिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया। गाजा में जारी युद्ध के दौरान कम के कम 11 इजराइली सैनिकों की मौत हो चुकी है।

# आचार संहिता दौरान रायगढ़ जिले में जब्त किए गए 2 करोड़ 10 लाख रुपए के संदिग्ध रकम, अवैध शराब, गांजा और चुनाव प्रलोभन सामाग्रियां

- पिछले 10 माह की तुलना में आचार संहिता के 24 दिनों में रायगढ़ पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्यवाई
- फेयर इलेक्शन कराने 17 व्यक्ति को किया गया जिला बदर
- 943 व्यक्तियों पर प्रतिबंधक कार्रवाई कर 473 व्यक्ति लाए गए बांड ओव्हर के दायरे में
- आचार संहिता के 24 दिनों में पुलिस ने 686 फरार वारंटियों और 259 अवैध शराब और गांजा बेचने वालों को भेजा जेल

**रायगढ़।** विधानसभा चुनाव 2023 का चुनाव जिले में निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में किए जाने को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर जिला पुलिस आचार संहिता के पूर्व से तैयारी की गई थी और आचार संहिता लगते ही कार्यवाही में और भी वृद्धि हुई है। जिला पुलिस द्वारा विगत 10 माह में की गई कार्यवाही तथा 09 अक्टूबर से लागू आचार संहिता के 24 दिनों में की गई कार्यवाही की तुलना बताते हैं कि क्लियर इलेक्शन को लेकर प्रशासन और पुलिस बेहद गंभीर है। जिले में आचार संहिता दौरान अब तक अवैध शराब, संदिग्ध रकम तथा चुनाव प्रभावित सामग्रियों की निगरानी करते हुये SST/FST एवं जिला पुलिस द्वारा 2 करोड़ 10 लाख 52 हजार 960 रूपये की संपत्ति की जप्ती की गई है। वहीं चुनाव को देखते हुए पुलिस ने पिछले 24 दिनों में 943 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया जिसमें 473 व्यक्तियों को बाउंड ओव्हर किया गया है जिससे वे आगे शांति भंग ना कर पाए। इस अवधि में पुलिस द्वारा अभियान चलाकर 686 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

पिछले 10 माह और आचार संहिता के 24 दिनों की कार्यवाही के तुलनात्मक आंकड़ो के अनुसार जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा पिछले 10 माह में 9252 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। वहीं आचार संहिता के 24 दिनों में जिले में 943 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर 17 व्यक्तियों को जिला बदर करने प्रतिवेदन जिला दंडाधिकारी को प्रेषित किया गया है तथा विभिन्न थानों में 18 नये बदमाशों को गुण्डा सूची में लाया गया।

आचार संहिता लगते ही सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत बैंक/कोषालय की सुरक्षा को छोड़कर सभी लायसेंसी हथियारों को थाने में जमा कराया गया। पिछले 10 माह में 2172 व्यक्तियों पर अवैध शराब के प्रकरण बनाए गए थे जिसमें 7,655 लीटर अवैध शराब की जप्ती की गई हैं। वहीं आचार संहिता दौरान विभिन्न थानाक्षेत्र में 253 व्यक्तियों पर अवैध शराब के प्रकरण बनाए गए हैं जिसमें 1536 लीटर शराब की जप्ती की गई है तथा गांजा, नशीली टेबलेट के 6 प्रकरण में 08 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

विगत 10 माह में जिले में 5256 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया था, वहीं आचार संहिता दौरान पुलिस की धरपकड़ में 686 फरार वारंटी पकड़े गये। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पिछले 10 माह में 41,511 व्यक्तियों पर कार्यवाही मोटर व्हीकल एक्ट के तहत किया गया था। वहीं 24 दिनों में 6,762 व्यक्तियों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चलानी कार्यवाही की गई है। आचार संहिता दौरान FST और पुलिस टीम द्वारा 84 लाख 25 हजार 420 रकम कैश एवं 1 करोड 14 लाख रुपए के चुनाव प्रभावित सामग्रियां (साड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान इत्यादि) की जप्ती की गई है। इस तरह क्राइम कंट्रोल और फेयर इलेक्शन की ओर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर रायगढ़ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अयोध्या के दीपोत्सव में रामायण के सातों अध्यायों की दिखेंगी झांकियां

**अयोध्या (आरएनएस)।** रामनगरी अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए तेज गति से काम हो रहा है। पर्यटन विभाग रामायण के सातों अध्यायों (कांड) पर आधारित झांकियां निकालने जा रहा है। इसके अलावा पंचकोसी,14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित मठ मंदिरों व सामाजिक स्थलों पर विभाग सात लाख दिए जलाएगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि तुलसीकृत राम चरित मानस के सात अध्याय बाल काण्ड, अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, सुन्दर काण्ड, किष्किंधा काण्ड, लंका काण्ड व उत्तर काण्ड पर आधारित सात झांकियां होंगी। इसके अलावा एक राम रथ की झांकी निकाली जाएगी। ये झांकियां साकेत महाविद्यालय से प्रारंभ होकर नया घाट तक जाएंगी। झांकियों को सजाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। आरपी यादव ने बताया अयोध्या की पंचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित सभी मठ मंदिरों एवं सामाजिक स्थलों पर पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर दिए जलाने की व्यवस्था की जा रही है। पर्यटन मंत्री ने जयवीर सिंह ने बताया कि 11 नवंबर को अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होगा। हम हर साल नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करते हैं। पिछले साल हमने 17 लाख से ज्यादा दीये जलाकर गीनीज वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम नाम दर्ज करवाया था। इस बार भी हम अपना रिकॉर्ड तोडऩे का काम करेंगे।

### पाकिस्तान में आम चुनाव की तारीख का ऐलान, 11 फरवरी को होगी वोटिंग

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में आम चुनाव को लेकर नया अपडेट सामने आया है। यहां चुनाव 11 फरवरी को होंगे। इलेक्शन कमीशन ऑफ पाकिस्तान ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में यह जानकारी दी। वैसे यह चुनाव अक्टूबर के आखिरी हफ्ते से नवंबर के बीच होने चाहिए थे। ईसीपी ने चुनाव टालने की वजह परिसीमन को बताया है। उसके मुताबिक- जनगणना और परिसीमन की वजह से जनवरी में भी चुनाव कराना मुश्किल है। लिहाजा, इन्हें फरवरी के दूसरे हफ्ते में 11 तारीख को कराया जाएगा। ईसीपी के वकील ने सुप्रीम अदालत के साथ कार्यक्रम साझा करते हुए कहा कि परिसीमन सहित सभी व्यवस्थाएं 29 जनवरी तक पूरी कर ली जाएंगी। परिसीमन प्रक्रिया के बारे में बताते हुए वकील ने कहा कि अंतिम सूची जारी करने में उन्हें 3 से 5 दिन लगेंगे। उन्होंने कहा कि अगर 5 दिसंबर से 54 दिन गिने जाएं तो 29 जनवरी की तारीख मिलती है। वकील ने कहा कि श्वष्टक्क रविवार को चुनाव कराने पर विचार कर रही है ताकि लोगों के लिए चुनाव में भाग लेना आसान हो सके। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पहला रविवार 4 फरवरी को और दूसरा 11 फरवरी को पड़ेगा। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा, न्यायमूर्ति अमीन-उद-दीन खान और न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए), पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई की।

### कैश फॉर क्वेरी : महुआ मोइत्रा संसद की एथिक्स कमेटी के सामने होंगी पेश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा कथित कैश फॉर क्वेरी मामले में गुरुवार को संसद की एथिक्स कमेटी के सामने पेश होंगी। मोइत्रा पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद हैं। उन्हें एथिक्स कमेटी ने 31 अक्टूबर को पेश होने के लिए बुलाया था। हालांकि, तृणमूल नेता ने कमेटी को पत्र लिख कर कहा था कि वो 31 अक्टूबर को उपस्थित नहीं हो सकतीं। फिर उन्हें 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया।

मोइत्रा ने बुधवार को एथिक्स कमेटी को पत्र लिखकर शिकायतकर्ता और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई और दुबई स्थित व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से जिरह करने की मांग की थी। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के आरोपों की जांच एथिक्स कमेटी कर रही है कि मोइत्रा ने कारोबारी हीरानंदानी के कहने पर गौतम अडानी को लेकर लोक सभा में सवाल पूछने के लिए नकद और गिफ्ट लिया। 26 अक्टूबर को, दुबे और वकील जय अनंत देहाद्राई ने मोइत्रा के खिलाफ पैनल को मौखिक साक्ष्य दिए थे।